तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 8 मई 2025



13 सेन समाज का है गौरवशाली इतिहास : विधायक संदीप साहू





14 टापटेन में हिमेश चौथे पायदान पर, पीएमश्री...






## तिहार : ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में 6 स्थानों पर आयोजित किया गया शिविर

# समाधान शिविर : 684 हितग्राहियों को मिला विभिन्न योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर के दूसरे दिन बुधवार को जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के 6 स्थानों पर समाधान शिविर का आयोजन हुआ। इन शिविरों में सुशासन तिहार के प्रथम चरण में 17701 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें मांग के 17318 एवं 383 शिकायत से सबंधित थे। विभागों द्वारा इन आवेदनों का निराकरण पश्चात समाधान शिविर में लोगो को निराकरण व विभागीय योजना की जानकारी दी गई।

समाधान शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत 684 हितग्राहियों को लाभन्वित किया गया। कलेक्टर दीपक सोनी विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत कोहरौद में आयोजित शिविर में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने जल संचयन की शपथ भी दिलाई। समाधान शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया था, जिसमें चिकत्सकों ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच कर आवश्यकता अनुसार दवाई भी उपलब्ध करायी। इसके साथ ही पशु चिकित्सा विभाग द्वारा मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से पशुओं का इलाज भी किया गया।



### सभी पात्र हितग्राहियों को मिले शासन की योजनाओं का लाभ

कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य लोगों द्वार तक प्रशासन की पहुंच हो और योजनाओं का लाभ बेहतर ढंग से सभी पात्र हितग्राही को मिल सके। उन्होंने इस दौरान महतारी वंदन योजना, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से योजना के लाभ की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि वर्तमान में आवास प्लस 2.0 का सर्वे किया जा रहा है, जिसमें आवास प्लस के छूटे हुए हितग्राहियों को प्राथमिकता से पंजीयन किया जा रहा है। उन्होंने रोजगार सहायक व आवास मित्र को नियमानुसार पात्र व्यक्तियों का ही पंजीयन आवास प्लस 2.0 में करने के निर्देश दिये। उन्होंने मोर गांव मोर पानी महाभियान के तहत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जल संचयन के लिए नलकूपों के पास सोखता गड्ढा एवं पक्के मकानों में वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण हेतु चलाए जा रहे अभियान में सबकी सहभागिता सुनिश्चित करने कहा।

### पेयजल व्यवस्था की जा रही

उन्होंने बताया कि जिले में पेयजल व निस्तारी की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। उन्होंने सभी पंचायतों में ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित कर सभी घरों में पेयजल की व्यवस्था प्रस्ताव पारित करने कहा। कलेक्टर ने पंचायतों में विकास को गति देने के लिए निर्माण कार्यों के साथ ही व्यवहार परिवर्तन पर जोर देते हुए विकास के लिए सभी को मिलकर काम करने की अपील की।

### अंतिम पंक्ति के लोगों का लाभ पहुंचाना शिविर का उद्देश्य

जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव ने कहा कि ऐसे शिविर आयोजन से जनता की छोटी-छोटी समस्याओं का तत्काल निराकरण होता है। हमारी सरकार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम कर रही है। सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित होने वाले समाधान शिविर के माध्यम से योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंच रहा है कि नहीं इसकी जानकारी भी मिलती है।

### पीडीएस दुकान संचालक को हटाने के निर्देश

इस दौरान ग्रामीणों द्वारा ग्राम पंचायत कोहरौद के पीडीएस संचालक द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक दाम पर शक्कर बिक्री करने की शिकायत पर कलेक्टर ने खाद्य विभाग एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों को जांच कर उक्त पीड़ीएस संचालक को हटाने के निर्देश दिये। उन्होंने समय पर राशन दुकान खोलने व पात्रतनुसार सभी को राशन उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये। शिविर आयोजन एवं सामग्री वितरण – विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत कोहरौद, भाटापारा के कोटमी, सिमगा के बनसांकरा पलारी के दतान प एवं कसडोल के देवरीकला एवं नगर पंचायत लवन में समाधान शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न योजना के 684 हितग्राहियों को सामग्री वितरण एवं प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इसमें राशन कार्ड 80, जॉब कार्ड 74, प्रधानमंत्री आवास योजना 35, आयुष्मान कार्ड 26, लखपति दीदी अंतर्गत 5, पीएम किसान सम्मान निधि 25, गोदभराई रस्म 20 अन्नप्राशन 50, सिकल सेल प्रमाण पत्र 5, स्वायईल हेल्थ कार्ड 10, मृदा हेल्थ कार्ड 5, बीज वितरण 28, पेंशन 11, किसान किताब 48, शौचालय निर्माण हेतु 4, स्वामित्व पट्टा 55,बी–1,खसरा 26,पौधा वितरण 50, राज्य छात्रवृत्ति योजना 3, शून्य प्रतिशत अल्प कालिन कृषि ऋण 18, किसान समृध्दि योजना अंतर्गत 4, किसान स्प्रेयर 7, एटीमएम कार्ड वितरण 5, सीमांकन रिपोर्ट 14, नामांतरण रिपोर्ट 7, बटवारा 15, त्रुटि सुधार 11, नक्शा बटांकन 16, मत्स्य विभाग 9, भवन निर्माण प्रस्ताव प्रेषित हेतु 1, उद्यानिकी विभाग द्वारा 10 लोगों को बीज वितरण, श्रम विभाग से श्रम पंजीयन कार्ड वितरण, समाज कल्याण विभाग द्वारा छड़ी एवं बैसाखी वितरण शामिल है। स अवसर पर जनपद सदस्य कालिंन्द्री सोनकर, शिव वर्मा, अनुपम बाजपेयी, एसडीएम अमित गुप्ता सहित सरपंच, उप सरपंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोपालपुर को मिला प्रथम स्थान



**गोपालपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोपालपुर, 25-26 अप्रेल को राष्ट्रीय टीम द्वारा निरीक्षण किया गया था, जिसमें अस्पताल के मुख्य रूप से छः विभाग जैसे ओपीडी, आइपीडी, डीलवरी, लैब, नेशनल हेल्थ प्रोग्राम व जनरल एडमिन विभाग का राष्ट्रीय मानक के रूप में निरीक्षण किया गया, और इन सभी विभागों के उच्चतम स्तर मानक के रूप मे 87.97 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए, जो उच्च स्तर का रहा। निरीक्षण के दौरान हमारे जिला सारंगढ़–बिलाईगढ़ के डाक्टर एफ आर निराला एमएचओ, जिला के एनक्यूएएस नोडल अधिकारी कृष्ण पुरी गोस्वामी व ब्लॉक स्तर के बीएमओ डा. सुरेश कुमार खुटे व अस्पताल के पूरी टीम उपस्थित रही। इसके लिए गांव एवं क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों ने अस्पताल के स्टाप को बधाई दी है।

### युवक से मारपीट

**महासमुंद।** गाली गलौज कर मारपीट करने वाले युवक के खिलाफ पिथौरा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी अर्श यादव निवासी लाखागढ़ ने बताया कि वह 5 मई को भीमा रौतिया की शादी के मायन के मौके पर अपने मित्रों के साथ सम्मिलित हुआ था, जो कि रात्रि 2 बजे के आसपास गाना बजाने को लेकर आरोपी कुणाल रोहिल्ला गाली-गलौज कर हाथ-मुक्के से मारपीट करने लगा।

# अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी पत्नी, पुत्र, सास और रिश्तेदार निकले हत्यारे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

रायपुर-सिमगा नेशनल हाईवे में आईकान सिटी के समीप गड़रिया नाला में गत 1 मई को मंत्रालय में पदस्थ चपरासी की लाश पुलिस ने बरामद की थी। जिसके सीर एवं चेहरे को भारी पत्थर से कुचल कर हत्या की गई थी। घटना नेवरा थाना की सीमा में घटित थी, इसलिए मौके पर नेवरा पुलिस पहुंच


▶▶ शेष पेज 13 पर


■ गोल-मोल जवाब देने पर पुलिस ने परिवार के लोगों पर जताया थी हत्या की आशंका

### शराब पीकर परिवार को करते था परेशान

कड़ाई से पूछताछ करने पर मृतक की पत्नी रोशनी शर्मा और बेटे ऋषि शर्मा ने हत्या करने की बात स्वीकार करते हुए रोशनी ने बताया कि उसने अपने पति लक्ष्मण उर्फ राजू भट्ट की हत्या पुत्र ऋषि शर्मा, मां कुसुम शर्मा एवं साथी उमाशंकर शर्मा तथा मुकेश शर्मा के साथ योजना बनाकर की। मृतक शराब पीने का आदि था। प्रतिदिन शराब पीकर उसके तथा बेटे के साथ लड़ाई झगड़ा करता था। इससे वह अत्यधिक परेशान रहती थी। उक्त बातें उन्होंने मां कुसुम शर्मा को बताई तथा उसने बेटी और नाती के माध्यम से मध्यप्रदेश कटनी निवासी उमाशंकर शर्मा एवं मुकेश शर्मा को बुलाया तथा उनके साथ मिलकर मृतक हत्या की योजना बनाई।

### चाकू से गले पर किया वार, सिर पत्थर से कुचला

योजना के अनुसार उमांशकर शर्मा एवं मुकेश ने मृतक राजू भट्ट को ग्राम बेमता के पास गड़रिया नाला ले गये, वहां सभी ने मिलकर शराब पी तथा मौका पाकर उमाशंकर ने मृतक के गले में चाकू से वार कर उसकी हत्या कर दिया। उसके चेहरे पर भारी भरकम पत्थर पटक दिया, ताकि उसकी पहचान न हो सके। तत्पश्चात दोनों फरार हो गए। पुलिस ने आरोपी की पतासाजी करते हुए दोनों को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त चाकू जब्त कर लिया। साथ ही हत्या में शामिल मृतक की पत्नी रोशनी शर्मा, पुत्र ऋषि शर्मा, सास कुसुम शर्मा, मुकेश शर्मा, उमाशंकर उर्फ निक्की शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक मंत्रालय में अनुकंपा नियुक्ति में सिंचाई विभाग में पदस्थ था, जो पिछले 15 दिनों से कार्य से अनुपस्थित था। वह अपने गांव चाचा की लड़की के विवाह कार्यक्रम में शामिल होने सांकरा आया था। घटना स्थल पर शराब की खाली बोतलें एवं पानी पाउच डिस्पोजल एवं खाने पीने की चीज पड़ी हुई थी।

# दरचुरा में सरकारी भूमि से हटाया गया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राजस्व विभाग की टीम ने सिमगा तहसील अंतर्गत ग्राम दरचुरा में ईंटभट्ठा संचालक द्वारा शासकीय भूमि पर किये गए अतिक्रमण को मुक्त कराया गया।

एसडीएम सिमगा अंशुल वर्मा ने बताया कि पिछले माह जिला ऑडिटोरियम में सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत हुई समीक्षा बैठक में ग्राम पंचायत दरचुरा सरपंच द्वारा ईंट भट्ठा संचालक द्वारा शासकीय भूमि पर किये गये अतिक्रमण की शिकायत की गई थी, जिस पर कलेक्टर सोनी ने अतिक्रमण हटाए जाने की कार्रवाई हेतु तहसीलदार को निर्देशित किया था। निर्देश के अनुपालन में तहसीलदार और हल्का पटवारी द्वारा विभिन्न पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में शासकीय भूमि पर किये गये अतिक्रमण को हटाए जाने की नियमानुसार त्वरित कार्रवाई की गई।



# अवैध चखना सेंटर संचालकों पर कार्रवाई, 8 गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

होटल, ढाबा, ठेला आदि में लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले संचालकों, अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने एवं सार्वजनिक स्थल पर बैठकर शराब पीने वाले आरोपियों के विरुद्ध की गई छापामार कार्यवाही ।

अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा का संचालन करने वाले तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में जिला पुलिस टीम ने 6 मई को क्षेत्र के शराब भट्टी के पास अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले, सड़क मार्ग के किनारे


▶▶ शेष पेज 13 पर


### आरोपियों के नाम

पालेश्वर पाल 21 साल निवासी ग्राम सेमराडीह थाना भाटापारा ग्रामीण, नरेश केंवट 38 साल निवासी ग्राम तरेंगा थाना भाटापारा ग्रामीण, संतोष जोशी 22 साल निवासी ग्राम सेमरिया थाना भाटापारा ग्रामीण, कामता प्रसाद बंजारे 35 साल निवासी ग्राम जरौद थाना भाटापारा ग्रामीण, अमित केंवट 25 साल निवासी गौरव पथ कसडोल थाना कसडोल, गेसुराम साहू 27 साल निवासी कसडोल थाना कसडोल, परमेश्वर साहू 39 साल निवासी कैसडोल थाना कसडोल मुकुंदा यादव निवासी सुहेला थाना सुहेला शामिल हैं।

## कलेक्टर ने ऑब्जर्वर व केंद्राध्यक्ष की बैठक लेकर दिये जरूरी निर्देश

# पीईटी एवं पीपीएचटी परीक्षा आज, 15 सौ से अधिक परीक्षार्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 8 मई को पीईटी एवं पीपीएचटी परीक्षा का आयोजन किया जा रहा हैं। परीक्षा आयोजन हेतु जिले में 3 केंद्र बनाए गये हैं, जिसमें 1553 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

कलेक्टर दीपक सोनी ने बुधवार को परीक्षा केन्द्राध्यक्ष एवं ऑब्जर्वरों की बैठक लेकर परीक्षा को संवेदनशील बताते हुए विशेष सतर्कता और सावधानी बरतने के निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट निर्देशित किया कि सभी प्रोटोकाल का अनुपालन सुनिश्चित करें। कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर सोनी ने कहा कि अपरान्ह में तूफान के कारण बिजली गुल होने की समस्या रहती है, इसके लिए परीक्षा केंद्रों में इन्वर्टर की व्यवस्था करें। बताया गया कि प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 9 से अपरान्ह 12.15 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें शासकीय डीके महाविद्यालय में 360 परीक्षार्थी एवं शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार में 134 परीक्षार्थी शामिल होंगे। द्वितीय पाली अपरान्ह में 2 बजे से 5.15 बजे तक परीक्षा आयोजित होगी, जिसमें दाऊ कल्याण सिंह शासकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार में 480, शासकीय मिनीमाता कन्या कॉलेज बलौदाबाजार में 240 एवं पं. चक्रपाणि शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल बलौदाबाजार में 339 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर अरुण सोनकर, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।






# नगर सुराज संगम : पालिका और नगर पंचायतों के अध्यक्षों को समझाया स्वच्छ, सुंदर और सुविधापूर्ण शहर का रोडमैप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने नगर सुराज संगम के दूसरे और अंतिम दिन मंगलवार को भी प्रशिक्षण की कमान खुद संभाली और नगर पालिकाओं तथा नगर पंचायतों के अध्यक्षों को पीपीटी (पावर पाइंट टैक्स्ट) के जरिए शहरों के विकास एवं जनसुविधाएं विकसित करने का रोडमैप समझाया। उन्होंने नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के अध्यक्षों के साथ ही मुख्य नगर पालिका अधिकारियों और अभियंताओं से संवाद कर अगले पांच वर्षों की कार्ययोजना पर चर्चा की।

**प्रेजेंटेशन में बताई ये बात :** श्री साव ने डेढ़ घंटे के अपने प्रेजेंटेशन में अटल विश्वास पत्र के प्रमुख बिंदुओं, नगरीय निकायों की चुनौतियों, नागरिकों की अपेक्षाओं, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी, स्वच्छता एवं साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा, शहरी वानिकी, शहरी परिवहन, स्ट्रीट लाइटिंग, कर संग्रहण और सिटी डेव्हलपमेंट प्लान के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की।

**शहरों को विकास के पथ पर दौड़ाना है :** श्री साव ने नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपके निकाय उभरते हुए शहर हैं। उन्हें विकास के पथ पर दौड़ाना है। सुनियोजित और सुव्यवस्थित विकास से ही शहर स्वच्छ, सुंदर और सुविधापूर्ण बनेंगे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपील की कि आप लोग अपने शहरों में ऐसा काम करें जो यादगार हो, शहर को नई दिशा देने वाला हो, नागरिकों की सुख-सुविधाएं बढ़ाने वाला हो, शहर को सुंदर, स्वच्छ और सुविधापूर्ण बनाने वाला हो।

## डिप्टी सीएम साव ने खुद संभाली प्रशिक्षण की कमान, 54 पालिकाओं और 124 नगर पंचायतों के साथ मंथन

### पानी की सप्लाई है बड़ी चुनौती

श्री साव ने शहरों के प्रत्येक घर में रोज पर्याप्त जल की आपूर्ति को बड़ी चुनौती बताते हुए रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर कड़ाई से अमल करने को कहा। श्री साव ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से संसाधनों के बेहतर उपयोग, नागरिकों को सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा शहर को सुविधापूर्ण बनाने देश-विदेश में स्थानीय स्वशासनों द्वारा किए जा रहे नवाचारों और श्रेष्ठ प्रथाओं की भी जानकारी दी। उन्होंने पार्षदों के लिए भी संभागीय स्तर पर इस तरह के प्रबोधन कार्यक्रम-सह-कार्यशाला के आयोजन की बात कही।



### सचिव ने दी ये जानकारी

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. ने नगर सुराज संगम में प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि नगरीय निकायों के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को केंद्र व राज्य सरकार तथा राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) की योजनाओं की जानकारी देने इसका आयोजन किया गया है। इस दौरान नगरीय निकायों से संबंधित अधिनियमों और उनके महत्वपूर्ण प्रावधानों की भी जानकारी दी जाएगी। यह संगम दोनों तरफ से संवाद का मंच है। इस मंच के माध्यम से आप लोग नगरीय प्रशासन और विकास से जुड़ी अपनी शंकाओं और जिज्ञासाओं का समाधान कर सकते हैं। इस कार्यशाला का आप लोग पूरा लाभ उठाएं। नगरीय प्रशासन विभाग के संचालक आर. एक्का और सुडा के सीईओ शशांक पाण्डेय भी कार्यशाला में मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### विभागीय कार्यों में उदासीनता पर सीएमओ निलंबित

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने विभागीय कार्यों में रुचि नहीं लेने के कारण दुर्ग जिले के भिंभौरी नगर पंचायत के प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीनिवास द्विवेदी को निलंबित कर दिया है। विभागीय क्षेत्रीय संयुक्त संचालक कार्यालय, दुर्ग से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की गई है। निलंबन अवधि में क्षेत्रीय संयुक्त संचालक कार्यालय, दुर्ग अटैच किया गया है।

### विवेकानंद कॉलेज में आज से राष्ट्रीय कार्यशाला

**रायपुर।** स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय व विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में रिसर्च मेथोडोलॉजी एंड इंप्लीमेंटेशन ऑफ स्टैटिकल टूल्स विषय पर दो दिवसीय 7 से 8 मई तक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। विवेकानंद महाविद्यालय में राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन बुधवार को सुबह 9.30 बजे मुख्य अतिथि रविवि के कुलसचिव डॉ. शैलेंद्र कुमार पटेल की उपस्थिति में होगा। यह जानकारी देते हुए स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज मिश्रा ने बताया कि उद्घाटन समारोह के बाद प्रथम दिवस विषय विशेषज्ञ रविवि के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक प्रो. राजीव चौधरी शोध प्रविधि और स्टैटिकल टूल्स विषय पर जानकारी देंगे।

### राजधानी पहुंचे युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु

**रायपुर।** युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब पदाधिकारियों से मुलाकात के अलावा संगठन के कार्यक्रमों में शामिल होने छत्तीसगढ़ पहुंचे। एयरपोर्ट पर स्वागत के लिए विधायक संदीप साहू, एनएसयूआई के महासचिव हनी बग्गा, प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। श्री चिब का महासमुंद और बिलाईगढ़ में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत करने के साथ गिरौधपुरी में मंदिर दर्शन का भी कार्यक्रम है, इसके अलावा बिलाईगढ़ में जाति जनगणना पर आयोजित "धन्यवाद राहुल गांधी" कार्यक्रम तथा पहलगाम घटना के विरोध में महासमुंद जिले में आयोजित "युवा आक्रोश मशाल रैली" में शामिल होंगे। बुधवार शाम को वे नियमित विमान से दिल्ली लौट जाएंगे।

### पहलगाम के मृतकों के लिए शांति भोज



**रायपुर।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले रायपुर के कारोबारी दिनेश मिरानिया समेत 26 लोगों की आत्मा की शांति के लिए व उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करने तिरंगा वंदन मंच द्वारा कालीबाड़ी चौक पर मंगलवार को प्रार्थना सभा व शांति भोज का आयोजन किया गया। लगातार दो घंटे चले इस भोज में करीब दो हजार नागरिकों ने प्रसाद लिया व मृतकों को श्रद्धांजलि दी। इस सभा में राह चलते लोगों ने भी रुक-रुककर मृतकों के चित्र के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया। इस सभा में पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, संजय श्रीवास्तव, गिरीश दुबे, अमरजीत छाबड़ा, शिवनारायण मूंधड़ा, श्रीनिवास रेड्डी, राजेश मिश्रा, राघवेन्द्र मिश्रा, लक्ष्य चौरे, महेश जेठानी, सुमन दीवान आदि ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए भारत सरकार से आतंकवादियों पर व उनके आका पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

## कई सांसद, विधायक अपना लक्ष्य पूरा नहीं कर सके

# तीन हजार सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान, सीएम के साथ भोज की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के सदस्यता अभियान में बीते साल प्रदेश संगठन ने प्रदेश में 60 लाख सदस्य बनाकर इतिहास रचने का काम किया है। प्रदेश संगठन ने कार्यकर्ताओं को तीन हजार सदस्य बनाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ भोजन करने का मौका देने के साथ सम्मान भी करने का ऐलान किया था। सदस्यता अभियान समाप्त होने के चार माह अब जाकर कार्यकर्ताओं का सम्मान करने और सीएम के साथ भोजन कराने की तैयारी है। संभावना है इस माह यह आयोजन किया जाएगा। जहां एक तरफ प्रदेश के कई दिग्गज सांसद और विधायक अपना लक्ष्य पूरा नहीं सके, वहीं कई कार्यकर्ताओं ने दस-दस हजार तक सदस्य बनाने का काम किया है।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने जब देश भर में बीते साल सितंबर से सदस्यता अभियान का प्रारंभ किया तो छत्तीसगढ़ को पहले 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया। लेकिन छत्तीसगढ़ में सदस्यता अभियान की रफ्तार को देखते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपने रायपुर प्रवास में भाजपा का लक्ष्य 50 लाख से बढ़ाकर 60 लाख कर दिया। प्रदेश संगठन ने इस लक्ष्य को प्राप्त भी कर लिया।

### जल्द करेंगे कार्यक्रम

वादे के मुताबिक कार्यकर्ताओं का सम्मान होगा और उनको मुख्यमंत्री के साथ भोजन करने का भी मौका मिलेगा। जल्द ही आयोजन करने का प्रयास किया जा रहा है।
- अनुराग सिंहदेव, सदस्यता अभियान के प्रदेश प्रभारी




### कई सांसद-विधायक रहे पीछे

सदस्यता अभियान के लिए सांसदों के लिए जहां 20-20 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया गया, वहीं विधायकों के लिए दस-दस हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ सभी मंत्रियों और ज्यादातर विधायकों ने अपना लक्ष्य प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की। कुछ विधायक अपना लक्ष्य प्राप्त ही नहीं कर सके। इसी तरह से सांसदों में आधा दर्जन से ज्यादा सांसद अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं सके। ये सांसद तो आधे लक्ष्य तक भी नहीं पहुंचे सके। एक सांसद तो पांच सौ सदस्य भी नहीं बना सके थे।

### कार्यकर्ताओं ने किया कमाल

जहां एक तरफ कई सांसद और विधायक लक्ष्य प्राप्त करने में सफल नहीं रहे, वहीं थोक में कार्यकर्ताओं ने तीन हजार सदस्य बनाने का काम आसानी से किया। इसी के साथ कई कार्यकर्ताओं ने दस हजार और इससे ज्यादा भी सदस्य बनाने का काम किया है। अब इन सभी कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री के साथ भोजन करने के साथ सम्मान का इंतजार है। भाजपा नेताओं का कहना है कि सदस्यता अभियान के बाद प्रदेश संगठन के चुनाव और इसके बाद नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के कारण सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता व्यस्त रहे हैं। नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों के बाद सभापति, उपाध्यक्षों और जिला पंचायत अध्यक्षों का चुनाव हुआ तो सब इसमें लग गए। अब सारे काम हो गए है तो कहा जा रहा है कि जल्द ही कोई तिथि तय करते कार्यक्रम किया जाएगा और वादे के मुताबिक कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा और उनको मुख्यमंत्री के साथ भोजन का भी मौका दिया जाएगा।

## नगरीय प्रशासन मंत्री ने पेयजल संकट को लेकर निगम अधिकारियों की ली बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर मीनल चौबे के अनुरोध पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मंगलवार को रायपुर नगर निगम के अधिकारियों की बैठक ली। श्री साव गर्मी में सुगम जलप्रदाय करनेनगर पालिक निगम को राज्य शासन के साथ मिलकर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

- राज्य शासन के साथ मिलकर कार्य योजना बनाने दिये निर्देश
- पेयजल आपूर्ति में हीला-हवाला नहीं चलेगा : अरुण साव

नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने कहा है राजधानी शहर रायपुर में गर्मी में कहीं भी पेयजल संकट की समस्या ना आये, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये। पेयजल समस्या आने पर वहाँ तत्काल टीम भेजकर पेयजल समस्या दूर करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को स्मार्ट सिटी की 24 घंटे पेयजल आपूर्ति योजना में शेष बची टेस्टिंग और कमीशनिंग का कार्य तत्काल पूर्ण करने हिदायत दी। अरुण साव ने निगम के अधिकारियों से दो टूक शब्दो में कहा नागरिकों को गर्मी में पेयजल आपूर्ति करने के कार्य में लापरवाही सहन नहीं किया जायेगा। पेयजल संकट के निदान पर ली गयी अहम बैठक में महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकान्त राठौर, जल कार्य विभाग अध्यक्ष संतोष- सीमा साहू, नगरीय प्रशासन एवं विकास सचिव डॉक्टर बसव राजू एस, नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय के संचालक आर. एक्का, नगर निगम आयुक्त विश्वदीप, राज्य शहरी विकास अभिकरण के मुख्य कार्यपालन अभिकारी शशांक पाण्डेय,नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और नगर पालिक निगम रायपुर के सम्बंधित वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही.

# युक्तियुक्तकरण से पहले शिक्षकों की पदोन्नति और स्थानांतरण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

कर्मचारी फेडरेशन और संयुक्त शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी एवं संचालक लोक शिक्षण संचालनालय ऋतुराज रघुवंशी से मुलाकात कर शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की विसंगतियों को दूर करने की मांग की है। शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण से पहले लंबित पदोन्नति और स्थानांतरण करने की मांग रखी है। फेडरेशन ने कहा, युक्तियुक्तकरण लागू होने के बाद स्थानांतरण पर बेन हटाने व पदोन्नति करने से स्कूलों में शिक्षकों के पद पुनः रिक्त हो जाएंगे। यदि स्थानांतरण और पदोन्नति पहले की जाती है, फिर युक्तियुक्तकरण की सारी चीजें व्यवस्थित होंगी।

- कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन और शिक्षक संघ ने की स्कूल शिक्षा सचिव और डीपीआई से मांग

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रदेश संयोजक कमल वर्मा के नेतृत्व में छग संयुक्त शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष केदार जैन, जागरूक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जाकेश साहू एवं सर्व शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप पांडेय ने अपनी टीम के साथ मंगलवार को शिक्षा सचिव और डीपीआई से मुलाकात की।

उन्होंने मांग की है कि 2008 के सेटअप के आधार पर युक्तियुक्त करण की मांग फेडरेशन ने की, जिसके तहत प्राथमिक शालाओं में अधिकत 60 दर्ज संख्या पर एक प्रधान पाठक सहित दो सहायक शिक्षकों को पदस्थ करने की मांग की गई। इसी प्रकार मिडिल स्कूलों में एक प्रधान पाठक सहित पांच शिक्षक पदस्थ करने ज्ञापन व मांगपत्र दिया।



### अफसरों ने दिया आश्वासन

इस पर विचार करने की बात कहते हुए डीपीआई ने कहा, जिन जिलों में पदोन्नति का मामला न्यायलयीन कारणों से बाधित नहीं है। इसके बावजूद जहां पर पदोन्नति की प्रक्रिया नहीं की जा रही है, वहां की जानकारी मुझे दीजिए, ताकि मैं इस दिशा में पहल कर सकूं। शिक्षकों ने युक्तियुक्तकरण के मुद्दे पर सेटअप 2008 सहित तमाम बिंदुओं को गंभीरता से रखा, जिस पर अधिकारियों ने विचार करने की बात कही।

**स्थानीय लोगों को रोजगार देना है जरूरी**

# नई औद्योगिक नीति में 10 करोड़ के पूंजी निवेश पर मिलेगा 1 करोड़ तक अनुदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार की नई औद्योगिक नीति 2024-30 के तहत बने छत्तीसगढ़ राज्य अंश पूंजी अनुदान नियम के तहत वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करने वाली इकाइयों की स्थापना के लिए 10 करोड़ तक का निवेश करने वाले उद्यमियों को 1 करोड़ रुपयों तक का अनुदान मिल सकता है। खास बात ये है कि इन नियम के तहत कोर सेक्टर के उद्यमों को छोड़कर महिला उद्यमी, भारतीय सेना से सेवानिवृत्त सैनिक, सेवा निवृत्त अग्निवीर, नक्सलवाद से प्रभावित व्यक्ति, निःशक्तजन वर्ग के उद्यमियों साथ एससी, एसटी वर्ग के उद्यमी इसके लिए पात्र होंगे।

- गड़बड़ी मिलने पर अनुदान वापस भी होगा



### ये हैं शर्तें नए नियम में

यह अनुदान हासिल करने के लिए ईकाई में वाणिज्यक उत्पादन प्रारंभ होने पर वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ होने के दिनांक से न्यूनतम पांच साल की अवधि तक अकुशल श्रमिकों, में न्यूनतम 100 प्रतिशत, कुशल श्रमिकों में न्यूनतम 70 प्रतिशत, तथा प्रबंधकीय-प्रशासकीय पदों पर न्यूनतम 40 प्रतिशत रोजगार राज्य के मूल निवासियों को देना होगा, लेकिन इसके साथ ही यदि भारत शासन, राज्य शासन या इसके किसी निगम, बोर्ड, मंडल, आयोग या वित्तीय संस्था, बैंक से अंश पूंजी अनुदान प्राप्त किया गया हो तो इस अनुदान की पात्रता नहीं होगी।

### इतना मिलेगा अनुदान

सरकार ने नियम में ये भी साफ किया है कि पात्र उद्यमियों को औद्योगिक ईकाई की पूंजीगत लागत का 25 प्रतिशत या अधिकतम 1 करोड़ रुपए अनुदान के रूप में उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए यह प्रक्रिया होगी कि सबसे पहले तो संबंधित जिला व्यापार उद्योग केंद्र में ऑनलाईन आवेदन देना होगा।

वैध उद्यम आकांक्षा के साथ सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र, भारतीय सेना से सेवा निवृत्त, राज्य के सेवा निवृत्त अग्निवीर सैनिक, नक्सलवाद से प्रभावित व्यक्ति, निःशक्तजन का प्रमाण पत्र,तृतीय लिंग का प्रमाण पत्र जो जिस आवेदक पर लागू हो उसे पेश करना होगा। वित्तीय संस्था या बैंक द्वारा ऋण स्वीकृति पत्र भी लगेगा।

### तो अनुदान वापस भी हो सकता है

इसी नियम में ये भी कहा गया है कि अगर किसी औद्योगिक इकाई ने कोई तथ्य छिपाए हैं, या तथ्यों को गलत ढंग से प्रस्तुत किया है। या सही जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई है। या गलत तरीके से अनुदान स्वीकृत हुआ है तो अनुदान की राशि वापस ले ली जाएगी। अगर निवेशक से संबंधित कोई प्रमाणपत्र गलत पाया जाता है, या पात्रता से अधिक अनुदान मिल गया हो, या बैंक से तथ्यों को छिपाकर ऋण लिया गया हो अनुदान की राशि वापस करने के साथ ही 12 प्रतिशत ब्याज भी देना होगा। राशि भू-राजस्व बकाया की तरह की जा सकती है।

## अनुसूचित जाति और ओबीसी वर्ग के नेताओं को मिलेगा मौका

# बैज बने रहेंगे अध्यक्ष, कांग्रेस में दो नए कार्यकारी अध्यक्ष बनाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ कांग्रेस में बड़े बदलाव की तैयारी हो रही है। लगातार चुनावी हार के बाद नेतृत्व परिवर्तन की चर्चा तेज हो गई है और इस बार कांग्रेस हाईकमान 2 कार्यकारी अध्यक्षों के फॉर्मूले पर गंभीरता से विचार कर रहा है। रायपुर से लेकर दिल्ली तक इस मुद्दे पर मंथन हो रहा है। छत्तीसगढ़ में विधानसभा, लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद दीपक बैज को बदले जाने की चर्चा जोरों पर थी। कांग्रेस संगठन फिलहाल छत्तीसगढ़ में प्रदेश अध्यक्ष को न बदलते हुए संगठन को मजबूती देने दो नए कार्यकारी अध्यक्ष की नियुक्त पर विचार कर रहा है। कांग्रेस पार्टी पूर्व में भी दो कार्यकारी अध्यक्ष के फार्मूले अंजाम दे चुकी है।

बताया जाता है कि आदिवासी वर्ग से प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के बाद कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में अनुसूचित जाति और ओबीसी वर्ग के नेताओं को मौका दिया जा सकता है।

### सभी वर्गों को साधने की रणनीति

अगर यह फॉर्मूला सफल होता है, तो 2028 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस अपनी सियासी रणनीति को और धार दे सकती है। आदिवासी और ओबीसी समीकरण को साधने से पार्टी को सत्ता में वापसी का मजबूत आधार मिल सकता है। पार्टी में असंतोष दूर करने के लिए सभी वर्गों को साधने प्रभारी सचिवों के माध्यम से सभी जिलों में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने का प्रयास जारी है।



### संतुलन बनाकर साधने की कोशिश

इन नेताओं की सक्रियता भी संकेत दे रही है कि वे भी किसी महत्वपूर्ण भूमिका में आ सकते हैं। कांग्रेस हाईकमान संतुलन बनाकर दोनों प्रमुख वर्गों को साधने की कोशिश कर रहा है। इसके अलावा भी कई ऐसे पूर्व विधायक हैं, जिनके नाम दिल्ली तक पहुंच चुके हैं। कांग्रेस हाईकमान को संतुलन बनाने के लिए जातीय और क्षेत्रीय समीकरणों पर गंभीरता से विचार करना होगा।

# भाजपा सरकार को चेतावनी देने कल कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

बिलासपुर में 8 मई को आयोजित कांग्रेस की राज्य स्तरीय 'संविधान बचाओ रैली' को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, केंद्र की अधिकनायकवादी मोदी सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं और लोकतांत्रिक व्यवस्था को तार-तार कर दिया है। देश के संसाधनों पर अपने पूंजीपति मित्रों का एकाधिकार बनाने लगातार जन विरोधी निर्णय थोपे जा रहे हैं, जिसके खिलाफ कांग्रेसजन हर स्तर पर लड़ाई लड़ रहे हैं। जातिगत जनगणना पर मोदी सरकार का यू टर्न नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के संघर्ष की जीत है। सामाजिक न्याय को लेकर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के परिश्रम की जीत है।

- जातिगत जनगणना पर मोदी सरकार का यू टर्न, कांग्रेस की जीत- बैज



उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दबाव में आकर जातीय जनगणना कराने के लिए यू-टर्न लिया है। भाजपा के नेता जातिगत जनगणना के मांग को देश तोड़ने की साज़िश बताते थे। संसद में जातीय जनगणना की मांग करने वालों को बीजेपी के सांसद अर्बन नक्सल कहते थे, वे अब मोदी का मास्टर स्ट्रोक बता रहे हैं। कांग्रेस पार्टी इस मांग पर जीत होने पर विजय सभा के रूप में संविधान बचाओ रैली करेगी।

### तीन प्रमुख मांगों को लेकर जनता के बीच जाएगी

उन्होंने बताया कि अब कांग्रेस तीन मांगों प्रमुख मांगों को लेकर जनता के बीच जाएगी और केंद्र की मोदी सरकार पर दबाव बनाएगी। पहला आरक्षण में 50 प्रतिशत की सीलिंग हटाने की मांग, दूसरा केंद्र की सरकार ने नेशनल बजट के एलोकेशन में एस, एसटी के लिए बजट दुर्भावना पूर्वक कम किया जा रहा है, उसे बढ़ाया जाए। पॉपुलेशन के आधार पर बजट हो। सभी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी के युवाओं को प्राइवेट शिक्षण संस्थानों में भी आरक्षण दिया जाए।

## खबर संक्षेप



### आत्मानंद स्कूल में समर कैंप : बच्चे सीख रहे अनेक हुनर

**पलारी।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में शैक्षणिक सत्र समाप्ति के बच्चों के अभिरूचि अभिवर्धन के लिए ग्रीष्मावकाश में 1 मई से समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र के बच्चों को विभिन्न प्रकार के गतिविधियों के माध्यम से उनकी अभिरूचि को पहचान कर उसमें गतिशिलता प्रदान की जा रही है। इसमें मुख्य रूप में नृत्य, संगीत, भाषायी कौशल, निबंध, लेखन, आर्ट एंड क्रफ्ट, जुंबा शारीरिक व्यायाम, योग आदि गतिविधियां शामिल हैं जिसे विद्यालय के उत्कृष्ट शिक्षकों द्वारा गतिविधियों के माध्यम से अनेक गुर सिखाए जा रहे हैं तथा इन गतिविधियों से बच्चों में शैक्षिक विषयों से हटकर अभिरूचि के अनुसार अपने कौशल का विकास कर सके, जिससे आदर्श नागरिक के रूप में अपना चारित्रिक विकास कर सके। प्राचार्य ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी का मानना है कि ग्रीष्मकालीन शिविर के माध्यम से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभाओं को पहचानने और विकसित करने का सुनहरा अवसर होता है।

## आपरेशन : जनप्रतिनिधियों व सामाजिक नेताओं ने की सराहना

# ऑपरेशन सिंदूर को मिला समर्थन, सेना के साहस को सलाम

दलजीत सिंह चावला ▶▶| बलौदाबाजार

भारतीय सेना द्वारा हाल ही में सफलतापूर्वक संपन्न किए गए ऑपरेशन सिंदूर को बलौदा बाजार जिले में व्यापक समर्थन प्राप्त हुआ है। जिले के विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और कानूनी क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों ने एक स्वर में इस ऑपरेशन की सराहना करते हुए भारतीय सेना के पराक्रम को सलाम किया है। जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले में 28 पर्यटकों की निर्मम हत्या कर दी गई थी, आतंकियों ने सेना की वर्दी पहनकर पर्यटकों को उनके धर्म के आधार पर पहचान कर निशाना बनाया। इस हमले के प्रतिशोध में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जिसके तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान–प्रशासित कश्मीर में लश्कर–ए–तैयबा और जैश–ए–मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों के नौ ठिकानों पर सटीक हवाई और मिसाइल हमले किए गए। भारतीय सेना ने दावा किया कि इस कार्रवाई में लगभग 70 आतंकवादी मारे गए और प्रमुख आतंकी ढांचे नष्ट कर दिए गए।

### सेना पर हम सबको गर्व



जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल ने कहा ऑपरेशन सिंदूर हमारी सेना की अद्धितीय रणनीति और साहस का प्रतीक है। हम सबको गर्व है कि हमारी सेना राष्ट्र की रक्षा के लिए सदैव तत्पर है। बलौदाबाजार की जनता भारतीय सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

### भारतीय सेना को नमन



भाजपा जिला आनंद यादव ने कहार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। ये नया भारत हैं, ऑपरेशन सिंदूर ने यह दिखा दिया कि भारत अब किसी भी चुनौती का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। नया भारत अब घर घुस कर देश के दुश्मनों को मारता हैं। भारतीय सेना को शत–शत नमन।

### हमारे सैनिकों ने साहस का परिचय दिया



कांग्रेस की जिलाध्यक्ष सुमित्र घृतलहरे ने कहा देश की सुरक्षा और अखंडता सर्वोपरि है। ऑपरेशन सिंदूर में हमारे सैनिकों ने जिस साहस और रणनीति का परिचय दिया है, वह सराहनीय है। हम सेना के पराक्रम के साथ हैं।

### देश की सुरक्षा जरूरी



चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्य प्रवीण शुक्ला ने कहा हमारे व्यापारिक समुदाय की ओर से भारतीय सेना को हार्दिक बधाई। देश की सुरक्षा मजबूत होगी तो व्यापार और अर्थव्यवस्था भी आगे बढ़ेगी।

### राष्ट्र और सम्मान की रक्षा का प्रतीक



विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष अभिषेक (मिकी) तिवारी ने कहा ऑपरेशन सिंदूर धर्म, राष्ट्र और सम्मान की रक्षा का प्रतीक है। यह सिद्ध करता है कि भारत न केवल शांति में विश्वास रखता है, बल्कि आवश्यकता पड़ने पर अपने सम्मान की रक्षा करना भी जानता है।

### निर्णायक कदम



अधिवक्ता एवं विधि विशेषज्ञ संतोष सिंह चावला ने कहा ऑपरेशन सिंदूर अंतरराष्ट्रीय कानूनों के अनुरूप एक निर्णायक कदम है। भारतीय सेना ने संयम, साहस और कानूनी मर्यादा का पालन करते हुए यह ऑपरेशन सफलतापूर्वक पूरा किया।

### देशवासियों का आत्मबल बढ़ा



बलौदा बाजार प्रेस क्लब अध्यक्ष नरेश गनशानी ने कहा सेना की यह कार्रवाई न केवल सामरिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह देशवासियों के आत्मबल को भी बढ़ाती है। मीडिया की भूमिका है कि वह इस तरह के राष्ट्रीय हित के कार्यों को जनता तक सही रूप में पहुंचाए।बलौदा बाजार के नागरिकों और स्थानीय संगठनों ने भी भारतीय सेना के इस अभियान को लेकर गर्व जताया है और सोशल मीडिया पर सेना के समर्थन में संदेशों की बाढ़ सी आ गई है। पूरे जिले में राष्ट्रभक्ति का माहौल देखा जा रहा है।

### पाकिस्तान में एयर स्ट्राइक, भाजपा ने मनाया जश्न



**भाटापारा।** आज भाटापारा अंतर्गत जय स्तंभ चौक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रात 1 बजे के बाद पाकिस्तान में की गई सफल एयर स्ट्राइक की गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य विजय उत्सव का आयोजन किया गया।

इस ऐतिहासिक क्षण ने न केवल भारत की सैन्य शक्ति को विश्व पटल पर सिद्ध किया, बल्कि यह भी दर्शाया कि देश की सुरक्षा और आत्मसम्मान के लिए भारत किसी भी हद तक जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़, दूरदर्शी एवं निर्णायक नेतृत्व में देश ने यह साहसिक कदम उठाकर पूरे विश्व को संदेश दिया कि भारत अब किसी भी सूरत में आतंकवाद और उसके समर्थकों को बर्दाश्त नहीं करेगा। विजय उत्सव के दौरान कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय और वंदे मातरम् जैसे नारों के साथ राष्ट्रप्रेम की भावना को सजीव किया। देश के वीर जवानों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए दो मिनट का मौन रखा और दीप प्रज्वलन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य राजा जायसवाल, पार्षद नंदू वैष्णव, युवा मोर्चा अध्यक्ष आशीष टोडर, महामंत्री अविनाश शर्मा, रूपेश तिवारी, पीयूष साहू, अभिषेक मिश्रा, पिंटू तिवाड़ी, संकेत उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, नागरिकगण एवं युवा वर्ग उपस्थित रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्र की अखंडता, संप्रभुता एवं गौरवशाली परंपरा को सम्मान देना था, साथ ही यह संदेश देना था कि संपूर्ण भारतवर्ष अपनी सेना और नेतृत्व के साथ एकजुट खड़ा है।

### भारत के प्रति वैमनस्यता निंदनीय, पाकिस्तान को उसके कर्मों की सजा जायज



**बलौदाबाजार।** गत 22 अप्रैल को भारत के अमन चैन की घाटी पहलगाम में आतंकवादी हमले में भारत के विभिन्न प्रांत से घूमने गए निर्दोष लोगों को अपना शिकार बनाया। आतंकवादियों द्वारा किया गया यह बर्बरतापूर्वक कृत्य अत्यंत निंदनीय है। उक्त बातें पार्षद नेताप्रतिपक्ष एवं बलौदा बाजार मुस्लिम समाज के सचिव सलमान शेख ने कही।सलमान शेख ने कहा कि भारत के कोने-कोने में मुस्लिम समुदाय के लोग रहते हैं, जिसके 90 प्रतिशत लोगों की जन्मस्थली भारत ही है, जहां वे जन्म लिए हैं वहीं सरजमीन ही खुदा के तरफ से दिया हुआ नेमत होता है। हम सभी इसी भारत में जन्म लिए हैं, किंतु पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान द्वारा समय-समय पर नापाक हरकत करते हुए अनेक कर्म किए हैं, जिससे कश्मीर सहित आस पास का क्षेत्र हमेशा से अशांत रहा है व विगत दिनों किए गए निर्दोष लोगों के हत्याकांड से पूरा भारत स्तब्ध है। पाकिस्तान अपनी औकात भूल चुक है और भुखमरी जैसे हालात से जूझ रहा है। वहां के मुल्क का बजट हमारे देश के मात्र सेना के बजट जितना है, वहां के लोग हर चीजों में परेशान है, मगर हमारे देश में उनके अपेक्षा बहुत ही खुशहाली है।

## पेज 11 के शेष

### अंधे कत्ल की ...

कर जांच में जुट गई।थाना प्रभारी सत्येन्द्र सिंह के अनुसार इस अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने के लिए क्राइम ब्रांच की टीम एवं डॉग स्काट की मदद ली गई। विवेचना के दौरान पुलिस को पता चला कि मृतक शराब पीने का आदि था और नशे में हमेशा पत्नी व बेटे से लड़ाई झगड़ा करता था। पुलिस को दिए बयान में पत्नी व पुत्र का बयान अलग–अलग होने के साथ ही वे गोल मोल जवाब देने लगे थे, जिससे शक और भी गहरा हो गया।

### अवैध चखना सेंटर ...

स्थित होटल, ढाबा, ठेला आदि में पीने, बैठने की सुविधा उपलब्ध कराकर अवैध रूप से शराब पिलाने वाले तथा सार्वजनिक स्थल पर बैठकर शराब पीने वाले कुल 8 आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की है। पकड़े गए सभी 8 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत विधिवत कार्रवाई की गई है।

# सेन समाज का है गौरवशाली इतिहास : विधायक संदीप साहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

मंगलवार को सेन समाज ने अपने आराध्य देव संत शिरोमणि सेन महाराज की 725वीं जयंती गायत्री मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनाई। कार्यक्रम विधायक संदीप साहू, नगर अध्यक्ष गोपी साहू एवं केश शिल्पी कला बोर्ड के अध्यक्ष मोना सेन के आथित्य में सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम आराध्य देव संत शिरोमणि सेन महाराज की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम को शुरुआत की गई। साथ ही समिति द्वारा मुख्य अतिथि एवं समाज के प्रबुद्धजनों को प्रतीक चिन्ह एवं श्रीफल साल देकर सम्मान किया गया। इस मौके पर विधायक विधायक संदीप साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि सेन समाज एक संगठित समाज है इनका गौरवशाली इतिहास रहा है, सेन समाज हर समाज के दुख सुख में सहभागिता रखने वाला समाज है तथा सेवाभावी समाज है। समय के साथ–साथ सेन समाज शिक्षा एवं व्यवसाय जगत में भी आधुनिकरण लाकर समय के साथ बढ़ रहे और समृद्धि की ओर अग्रसर है। विधायक ने सेन समाज के विकास हेतु 5 लाख की घोषणा भी की, जिसमें सेन समाज की सामुदायिक समरसता भवन निर्माण होने की बात कही।इस दौरान सेन जयंती समारोह के कार्यकर्ताओं द्वारा आठवीं में उच्च प्राप्तांक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मान राशि के साथ में श्रीफल देकर सम्मान किया गया।

- पलारी में सेन महाराज की जयंती पर निकाली शोभा यात्रा

नगर अध्यक्ष गोपी साहू ने कहां सेन समाज एक संगठित समाज है यहां आकर मैं अपने आप को गौरानान्वित महसूस करता हूं। यह समाज हर समाज का अभिन्न अंग है। केश शिल्प कला बोर्ड के अध्यक्ष मोना सेन ने नारी शक्ति एवं एकता के बारे में समाज में विस्तार से विचार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति की समझ में माहिती सहभागिता हर समाज को मजबूत बनाती है। उन्होंने शासन के द्वारा निर्मित केश शिल्प कला बोर्ड से मिलने वाले लाभ का पूरा फायदा समाज को देने की विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम को मुर्त रूप देने सुबह से ही समाज के लोग गायत्री मंदिर में एकत्रित हुए, पश्चात नगर भ्रमण के लिए भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें सेन समाज के माताएं बहने एवं समाज के प्रबुद्धजन शामिल हुए, पश्चात सेन महाराज की प्रसादी वितरण और भव्य भंडारा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर रामकुमार सेन, विष्णु सेन, फत्ते सेन, विशहत सेन, चुम्मन सेन, बसंत सेन, मुलेश्वर श्रीवास, हरिशंकर श्रीवास, विष्णु सेन, पुरुषोत्तम सेन, बद्री प्रसाद सेन, लोकनाथ सेन, हरिशंकर सेन, राजा सेन, कुलेश्वर सेन, प्रकाश सेन, दीपक सेन, जित्तू सेन, संतोष सेन, कृष्ण सेन, राम सेन, नरेन्द्र सेन, भारत सेन सहित बड़ी संख्या में सामाजिकगण उपस्थित थे।

# सुशासन तिहार में किसानों को बांटा गया खाद और ऋण



**लवन।** सुशासन तिहार समाधान शिविर के अन्तर्गत सहकारिता विभाग द्वारा कृषकों को केसीसी, ऋण वितरण, खाद-बीज वितरण किया गया। इसमें प्रमुख रूप से खीरेंद्र नायक सहकारिता विस्तार अधिकारी, लक्की क्षत्रिय फील्ड आफिसर, राहुल यदु समिति प्रबंधक, श्रीराम रजक समिति प्रबंधक, सुभाष साहू समिति प्रबंधक, नकुल साहू, ईश्वर वर्मा, सुशील पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

### बड़गांव के कक्षा पांचवी में आंचल रही प्रथम

**महासमुंद।** प्राथमिक प्रमाण पत्र परीक्षा कक्षा पांचवी का परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। जिसमें प्राथमिक शाला बड़गांव के कक्षा पांचवी में 9 बालक व 20 बालिकाएं अध्ययनरत थे। परीक्षा परिणाम 96.5 प्रतिशत रहा। इसमें आंचल पटेल पिता पन्नालाल पटेल ने 91 प्रतिशत अंक के साथक कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 90 प्रतिशत अंक के साथ हिमांशु चक्रधारी पिता लेखराम चक्रधारी द्वितीय स्थान व मधु निषाद पिता श्रवण निषाद 84 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। इस सफलता के लिए प्रधान पाठक खेमन कुमार साहू, शिक्षक गोवर्धन प्रसाद साहू, शिक्षिका लेखनी साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण चक्रधारी, उपाध्यक्ष संतोष निषाद, सदस्यगण पन्नालाल पटेल, ललित निषाद ने हर्ष जताया है। वहीं पूर्व सरपंच प्रतिनिधि संतोष निषाद ने कक्षा पांचवी में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वालों को एक-एक हजार रुपए पुरस्कार देने की घोषणा भी किए है।

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ वाचक/अति–कले/2025, बिलासपुर, दिनांक 23.04.2025

श्री कृतज्ञ पटेल आत्मज स्व. टिकेश्वर पटेल (माता- श्रीमती सुलेखा देवी पटेल) उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम पिसीद बिदुरचौक थाना व तहसील कसडोल जिला बलौदा बाजार (छ.ग.) पिन 493335 एवं कुमारी पुष्पा आत्मजा श्री रामचरण उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम बिरकोना अटल चौक थाना कोनी तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम–1954 की धारा–5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/ दावा इस कार्यालय में दिनांक 29.05.2025 को प्रातः 11.00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



कृतज्ञ पटेल    पुष्पा

विवाह अधिकारी
बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

# 5 हितग्राहियों को मिला आयुष्मान कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर में ब्लॉक के देवरीकला में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 5 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड दिया गया। साथ ही 2 क्षय मरीजों को निश्चय पोषण आहार दिया गया। शिविर में जनरल ओपीडी 176, 75 बीपी, 75 शुगर,15 हीमोग्लोबिन, 20 सिकलीन जांच, 100 लोगों का एनसीडी स्क्रीनिंग की गई। इसके अलावा 2 लोगों का बलगम जांच, 4 आंखों के समस्या वाले मरीज, 3 कान नाक गला से संबंधित मरीजों की जांच एवं उपचार शिविर में किया गया।



देवरीकला अंतर्गत 10 ग्रामों के 10 मांग स्वास्थ्य विभाग को प्राप्त हुए थे, जिसके निराकरण के बारे में उपस्थित ग्रामीणों को खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रविशंकर अजगल्ले द्वारा बताया गया। शिविर के पश्चात आयुष्मान आरोग्य मंदिर देवरीकला का लोकार्पण जनपद पंचायत अध्यक्ष कुसुम पैकरा ने किया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य प्रेमलता वैष्णव, जनपद सदस्य लीजा सिद्धांत मिश्रा, सरपंच बालेश्वर वैष्णव पैकरा, डिप्टी कलेक्टर रजनी छडीमली, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, खंड चिकित्सा अधिकारी कसडोल आयुष्मान आरोग्य मंदिर देवरीकला के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

# बढ़ी उमस, दोपहर में निकलना हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

कुछ दिनों से शाम तेज आंधी के साथ थोड़ बहुत बारिश हो रही है, जिससे तापमान में गिरावट हुई है, लेकिन मई माह यानि तेज गर्मी का समय होने की वजह से उमस के कारण लोग तिलमिला रहे हैं। जिस दिन बारिश नहीं हुई उस दिन सुबह से ही सूर्य देव की तपिश शुरू हो जाती है। दोपहर के समय लू के थपेड़े चलने लगते हैं। इससे पंखा और कूलर का असर नहीं पड़ता है। दोपहर के समय शहर के मुख्य बाजार, सड़कें सूनी पड़ जाती हैं। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार सुबह का अधिकतम तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। दोपहर का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान में भी एक डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है। चिलचिलाती धूप से आम लोग परेशान हैं। जिसके कारण आम लोग जरूरी काम से ही बाहर निकलते हैं। रिक्शा, ठेला चालक, सड़क किनारे खोमचा लगाने वाले छोटे दुकानदार तथा मजदूरी करने वालों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ सामाजिक कार्यकर्ता और पार्षद मृत्युंजय पाण्डेय ने लोगों की परेशानी को ध्यान में रख कर सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था की है, लेकिन नगर पंचायत द्वारा सार्वजनिक जगह व चौक–चौराहों पर प्याऊ की व्यवस्था नहीं की गई है, जिसके कारण लोगों को प्यास बुझाने के लिए इधर–उधर भटकना पड़ता है। समर्थ लोग बोतलबंद पानी से काम चला रहे हैं। आटो स्टैंड, बस स्टैंड पर आम यात्रियों व राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिससे चिलचिलाती धूप में आम राहगीरों को दिक्कत उठानी पड़ रही है।




# एलबी शिक्षक सोना साहू को शासन ने किया क्रमोन्नत वेतनमान का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



छत्तीसगढ़ में एलबी संवर्ग शिक्षकों के लिए 6 मई का दिन खुशखबरी का है। सोना साहू को शासन ने क्रमोन्नत वेतनमान का भुगतान कर दिया है। शासन ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में इस सम्बन्ध में जानकारी दी है। हा लां कि भुगतान राशि को कम बताया है, जिस पर हाईकोर्ट ने याचिका दायर करने को कहा है। इसके बाद राज्य के लगभग एक लाख एलबी शिक्षकों के लिए क्रमोन्नत वेतनमान का रास्ता खुल गया है। हालांकि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने 2023 के विधानसभा चुनाव में क्रमोन्नत वेतनमान देने के लिए मोदी की गारंटी बताते हुए वायदा किया था, लेकिन उस वायदे के बावजूद भाजपा सरकार ने क्रमोन्नत वेतनमान नहीं देने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक का सफर तय किया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट में भी मुंह की खाने के बाद मजबूरन भाजपा सरकार को सोना साहू मामले में क्रमोन्नत वेतनमान देना पड़ा है।

- एक लाख एलबी शिक्षकों के लिए खुला क्रमोन्नत वेतनमान का रास्ता

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में एलबी संवर्ग के नाम से पहचाने जाने वाले शिक्षक पूर्व में शिक्षा कर्मी के नाम से जाने जाते थे। बता दें कि शिक्षा कर्मियों को मध्य प्रदेश सरकार द्वारा पूर्व सेवा गणना करके क्रमोन्नत वेतनमान दिया जाता है, जबकि छत्तीसगढ़ राज्य में 1 जुलाई 2018 से पहले की सेवाओं को शून्य करके क्रमोन्नत वेतनमान नहीं दिया जाता है।

उल्लेखनीय है कि हाईकोर्ट के आदेश पर क्रमोन्नत वेतनमान के भुगतान का इंतजार कर रहे शिक्षक एलबी संवर्ग के लिए यह बड़ी खुशखबरी है। सोना साहू क्रमोन्नति प्रकरण में जिन बातों का इंतजार पूरे प्रदेश के शिक्षक कर रहे थे। आखिरकार वो पूरा हो गया है। हाईकोर्ट में शिक्षा विभाग ने जानकारी दी है कि क्रमोन्नति प्रकरण में सोना साहू का भुगतान कर दिया गया है। हालांकि सोना साहू ने कहा कि उनका 53 हजार 200 रुपये बनना चाहिये था, लेकिन 43,235 रुपये की दर से भुगतान किया गया है। सोना साहू का मामला केवल एक शिक्षिका के क्रमोन्नति और बकाया वेतन का नहीं, बल्कि प्रदेशभर के शिक्षकों की उम्मीदों और अधिकारों से जुड़ा मसला बन गया है।

HEALTH TOWN

k'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपतियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
◀ रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001, मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कक्षा 9वी में माया टंडन प्रथम



**गोपालपुर।** डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खम्हरिया में कुमारी माया टण्डन ने कक्षा 9 वीं में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान पर रही। वह डीआर टण्डन की पुत्री है। इस सफलता के लिए संदीप पटेल प्राचार्य एवं स्कूल स्टाफ और क्षेत्र के लोगों ने उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

### 11 हजार रुपए की शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**महासमुंद।** नगर के संजय कानन के पास कोतवाली पुलिस ने एक युवक के कब्जे से बड़ी मात्रा में शराब जब्त किया है। मामले में आरोपी को गिरफ्तार आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि पेट्रोलिंग दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि महासमुंद से बागबाहरा की ओर एक व्यक्ति एक काले रंग की स्कूटी में अवैध रूप से शराब लेकर लभरा की ओर ले जा रहा है। मौके पर पहुंचकर उक्त युवक से पूछताछ की गई। जिसने अपना नाम कैलाश नियाल पिता कामो नियाल (26 साल) निवासी वार्ड नंबर 09 छिपियापारा महासमुंद बताया। आरोपी के कब्जे से 40 पौवा देशी प्लेन शराब (शोले) कीमत 11200 रुपए को जब्त किया गया। मामले में आरोपी को 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।

### चाकू से हमला

**महासमुंद।** अधेड़ पर चाकू से हमला करने वाले आरोपी के खिलाफ सरायपाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 6 मई को शासकीय अस्पताल सरायपाली से सूचना मिली थी कि वीरेंद्र कुमार साव पिता शिवशंकर साव (45 साल) पाटसेंद्री को ईश्वर बरिहा के द्वारा चाकू मारकर घायल कर दिया गया है जिसे उपचार हेतु सीएचसी में भर्ती कराया गया है। इसके बाद मामले की रिपोर्ट प्रार्थी के भाई जोगेंद्र कुमार साव पिता शिव शंकर साव ने लिखाते हुए बताया कि हम लोग परिवार में दो भाई है। वीरेंद्र कुमार साव 6 मई को सुबह करीब 8 बजे पड़ोसी खगेश्वर बरिहा के घर काम करने गया था। करीब 11:30 बजे वीरेंद्र साव को गांव के ईश्वर बरिहा ने पुरानी रंजिश वश हत्या करने की नीयत से सीने में चाकू मार दिया।

### उधार में समान देने से मना करने पर मारपीट

महासमुंद। उधार में समान देने से मना कर एक व्यक्ति द्वारा जान से मारने की धमकी और मारपीट करने का मामला सामनेआया है। सिंघोड़ा पुलिस को मोहित पटेल ग्राम बोईरमाल ने बताया कि 6 मई को गांव में रात्रिकालीन क्रिकेट खेत में हो रहा था। जहां उसका पोता टीकाराम पटेल सेमर खेत में पान गुटखा आदि सामान बेच रहा था। जिससे आरोपी गनपत नायक द्वारा उधार में सामान मांगा गया, जिसे मना करने पर वह गाली गलौज कर वाद विवाद करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। इसके बाद 6 मई की रात 10-11 बजे प्रार्थी खेत की मेड़ में बैठा था, उसी समय आरोपी गनपत नायक ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मे रखे धारदार वस्तु से मारकर सिर में चोट पहुंचाया है।

---

### बोर्ड परीक्षा : हाई व हायर सेकण्डरी परीक्षा में जिले के प्रतिभाओं ने लहराया परचम

# बलौदाबाजार जिले के होनहार : 5 छात्र टॉप टेन में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा जारी 10 वीं-12 वीं के परीक्षा परिणाम में जिले में एक साथ 5 छात्रों ने टॉप टेन में स्थान बनाकर जिले का नाम रोशन किया है। इसमें 12वीं के 2 एवं 10 वीं में 3 छात्र शामिल हैं। इस वर्ष जिले का हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा परिणाम 81.69 एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा का परिणाम 86.51 प्रतिशत रहा। कलेक्टर दीपक सोनी ने टॉप 10 में स्थान प्राप्त करने वाले जिले के प्रतिभावान छात्रों की उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनकी उज्वल भविष्य की कामना की है।

■ हाई स्कूल का 81.69 और हायर सेकण्डरी का 86.51 प्रतिशत रहा जिले का परिणाम

प्राप्त जानकारी अनुसार हाईस्कूल परीक्षा में लिव्यांश देवांगन पिता सुनील कुमार देवांगन प्रावीण्य सूची में 99 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान, कंचनबाला गेण्डरे पिता सेवाराम गेण्डरे पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मिडियम स्कूल सिमगा 98.33 प्रतिशत के साथ छठवां स्थान एवं साक्षी अग्रवाल पिता अभिषेक अग्रवाल गुरुकूल इंग्लिश मिडियम स्कूल बलौदाबाजार 98 प्रतिशत के साथ आठवां स्थान प्राप्त की है। इसी तरह हायर सेकण्डरी परीक्षा में हिमेश कुमार यादव पिता अमर नाथ यादव पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय गुरु घासीदास इंग्लिश मिडियम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसडोल प्रावीण्य सूची में 97 प्रतिशत के साथ चौथा स्थान एवं लुभी साहू पिता डेमन साहू शाश्वत हायर सेकंण्डरी स्कूल बलौदाबाजार 97 प्रतिशत के साथ चौथा स्थान प्राप्त किये हैं।

## टापटेन में हिमेश चौथे पायदान पर, पीएमश्री आत्मानंद स्कूल कसडोल का है छात्र




**कसडोल।** इस बार जिले के सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों ने कमाल कर दिखाया है। जिले में कुल 5 छात्रों ने छग बोर्ड की प्रवीण्य सूची में जगह बनाई है, जिनमें 3 सरकारी स्कूल के छात्र है। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम शासकीय स्कूल कसडोल में कक्षा 12वीं में पढ़ने वाले हिमेश यादव ने 97 प्रतिशत के साथ प्रवीण्य सूची में चौथा स्थान प्राप्त किया। वहीं शाश्वत स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा लुभी साहू ने भी 97 प्रतिशत के साथ चौथ स्थान हासिल की। कक्षा 10वीं में सिमगा के आत्मानंद इंग्लिश मीडियम शासकीय स्कूल से लिव्यांश देवांगन ने 98 प्रतिशत के साथ प्रवीण्य सूची में दूसरा स्थान प्राप्त किया है, तो कंचनबाला गेंडरे ने 98.33 प्रतिशत के साथ 6वां स्थान हासिल किया है। बलौदाबाजार के गुरुकुल स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा साक्षी अग्रवाल ने 98 प्रतिशत अंक के साथ प्रवीण्य सूची में आठवां स्थान हासिल की है। प्रवीण्य सूची में आने से छात्रों के माता-पिता, परिवार समेत गुरुजनों में खुशी की लहर है। परिवार के सदस्यों ने छात्रों को मिठाई खिलाकर बधाई दी है।

टॉपर हिमेश कुमार यादव ने चर्चा में कहा कि स्कूल से अध्ययन के बाद घर पर प्रतिदिन 6 से 7 घंटे पढ़ाई करते था। साथ ही यह उपलब्धि अपने गुरु, माता-पिता और दादा के प्रेरणा से हासिल की है। टॉपर हेमेश ने कहा कि आगे उन्हें जेई का एग्जाम देकर सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना है। इसके अलावा पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल कसडोल के प्राचार्य संतोष वर्मा ने कहा कि हिमेश प्रारंभ से ही कक्षा में होनहार छात्र रहा है, जिसके कारण यह टॉपर की उपलब्धि मिली। इसलिए सबसे पहले हिमेश को बधाई। उन्होंने कहा हेमेश पर उनकी निगाहें हमेशा रही, जिसका परिणाम है कि आज हिमेश ने चौथा स्थान प्राप्त किया। इधर हिमेश यादव के इस उपलब्धि पर परिजनों सहित नगरवासियों ने उज्वल भविष्य की कामना की है।

### 12वीं बोर्ड : लुभी प्रावीण्य सूची में चौथे स्थान पर

बलौदाबाजार। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परिणामों में बलौदाबाजार की मेधावी छात्रा लुभी साहू ने 97 प्रतिशत अंक अर्जित कर राज्य की प्रवीण सूची में चौथा स्थान प्राप्त किया है। लुभी की इस सफलता से शाश्वत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,



बलौदाबाजार सहित पूरे जिले में हर्ष का माहौल हैं। पिता डेमन साहू, माता तेजेश्वरी साहू, शाश्वत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा है। उन्होंने हिंदी विषय में 96 अंक, अंग्रेजी में 92 अंक, भौतिकी (फिजिक्स) में 100 अंक, रसायन (केमिस्ट्री) में 100 अंक, जीवविज्ञान (बायोलॉजी) में 97 अंक तथा पर्यावरण 50 अंक सहित कुल 485 प्राप्त किये। लुभी साहू अब मेडिकल क्षेत्र में करियर बनाने की इच्छुक हैं। उनका सपना है कि वे डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करें। लुभी की यह सफलता जिले के अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। यह दर्शाता है कि समर्पण, अनुशासन और निरंतर मेहनत से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

### साक्षी 98 प्रतिशत अंक अर्जित कर राज्य में आठवें स्थान पर


बलौदाबाजार। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 10वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम में बलौदाबाजार की



प्रतिभाशाली छात्र साक्षी अग्रवाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। अपनी इस उपलब्धि के साथ साक्षी ने राज्य की प्रवीण सूची में 8वां स्थान हासिल कर न केवल अपने परिवार, बल्कि बलौदाबाजार जिले और नगर का नाम रोशन किया है। साक्षी गुरुकुल इंग्लिश मिडियम हायर सेकंडरी स्कूल बलौदाबाजार की छात्रा हैं। उनके विषयवार प्राप्त अंकों पर यदि नजर डालें, तो उन्होंने सभी विषयों में उत्कृष्ट अंक हासिल किया है। शिक्षा मंडल द्वारा जारी अंक सूची में साक्षी ने अंग्रेजी विषय में 100 अंक, हिन्दी में 99 अंक, संस्कृत में 99 अंक, गणित में 99 अंक, विज्ञान में 99 अंक, सामाजिक विज्ञान 92 अंक सहित कुल 588 अंक अर्जित किए, जो कि 600 अंकों में से 98 प्रतिशत है। उन्हें सभी विषयों में विशेष श्रेणी प्राप्त हुई है। साक्षी की इस सफलता के पीछे उनके माता–पिता सरिता अग्रवाल एवं अभिषेक अग्रवाल का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिन्होंने सदैव उन्हें प्रोत्साहित किया। स्कूल के शिक्षकों एवं प्राचार्य वंदना तिवारी ने भी इस सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। साक्षी का कहना है कि वह आगे चलकर देश की सेवा करना चाहती हैं और किसी प्रतिष्ठित क्षेत्र में करियर बनाना चाहती हैं। उनकी इस उपलब्धि ने जिले के विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणास्रोत प्रस्तुत किया है।

■ बलौदाबाजार का नाम किया रोशन

### बोर्ड परीक्षा में नीलम व भावना प्रथम




**लवन।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरखोर में कक्षा 10वीं एवं 12 वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। नीलम पिता दिलीप नारंगे 97.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम रही। वहीं कक्षा 12वी से भावना पिता शिवशंकर साहू 90,08 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही। इन बच्चों को विद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं। दोनों के परीक्षा परिणाम पर व्याख्यातागण किशोर कुमार साहू, प्रभारी प्राचार्य, मातादीन साहू, योगेन्द्र कुमार सोनवानी, रामेश्वर प्रसाद साहू, चित्रदेवी वर्मन, विजय कुमार, गोविंद कुमार राजपूत, हरिश्वर साहू, शशिकला धीवर, वंजुला टंडन, बुधवंतीन डहरिया, स्नेह आभार व्यक्त किया।

### लिव्यांश ने प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिमगा का नाम रौशन किया

**सिमगा।** स्वामी आत्मानंद स्कूल सिमगा के कक्षा 10 के छात्र लिव्यांश देवांगन 99 प्रतिशत अंकों के साथ 10वीं कक्षा में उत्तीर्ण होकर प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर माता–पिता एवं गुरूजनों का मान बढ़ाया है।

लिव्यांश ने चर्चा में हमारे प्रतिनिधि को बताया कि उनकी सफलता का श्रेय विद्यालय के गुरूजनों एवं माता-पिता को जाता है, जिन्होंने मुझे पढ़ने लिए हर वह सुविधा उपलब्ध कराई। साथ ही मैंने प्रतिदिन 4 से 5 घंटे पढ़ाई किया। साथ ही कोचिंग भी किया है। लिव्यांश ने बताया कि 12वीं के बाद यूपीएससी की तैयारी करूंगा। मेरा सपना है कि मैं आईएएस बनकर देश की सेवा करूं। लिव्यांश की सफलता पर माता पिता एवं गुरूजनों ने मिठाई खिलाकर बधाई दी। लिव्यांश डेलीनिड्स दुकान संचालक सुनील कुमार एवं रितिका देवांगन का पुत्र है ।



स्वामी आत्मानंद विद्यालय के प्राचार्य आशीष शर्मा अपने स्टाफ के साथ उन्हें बधाई देने पहुंचे। प्राचार्य ने बताया कि हमारे लिए गर्व की बात है कि बड़े-बड़े निजी स्कूलों के छात्र-छात्राओं को पछडाते हुए शासकीय विद्यालय के छात्र ने यह सफलता प्राप्त की है। साथ ही कुमारी कंचन बाला गेण्डरे ने भी छत्तीसगढ़ में 6वां स्थान प्राप्त किया है। लिव्यांश को उनकी सफलता के लिए उनके घर बधाई देने वालों का तांता लगा है।

### दीपिका ने 10वीं बोर्ड में हासिल किया 94 प्रतिशत अंक

**पलारी।** विकासखंड के ग्राम साराडीह की छात्रा दीपिका साहू ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल 10वीं बोर्ड परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। दीपिका की इस उपलब्धि से गांव में खुशी की लहर है। दीपिका ने यह सफलता सरकारी विद्यालय हाई स्कूल, साराडीह में अध्ययन करते हुए हासिल की है। ग्रामीण क्षेत्र और सीमित संसाधनों के बावजूद दीपिका ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के दम पर यह बेहतरीन परिणाम प्राप्त किया। दीपिका, ग्राम साराडीह निवासी डोमार साहू की पुत्री हैं। उनके पिता एक मेहनतकश किसान हैं, जिन्होंने कठिनाइयों के बावजूद अपनी बेटी की पढ़ाई में कभी कमी नहीं आने दी। दीपिका की इस उपलब्धि पर स्कूल के शिक्षकों, परिजनों और गांव के लोगों ने हर्ष जताते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि दीपिका जैसी छात्राएं समाज में सकारात्मक परिवर्तन की प्रेरणा हैं। दीपिका ने कहा यह सफलता मेरे माता–पिता, शिक्षकों का आशीर्वाद परिणाम है। मैं आगे भी मेहनत करती रहूंगी और अपने गांव तथा स्कूल का नाम रोशन करूंगी।



#### 12 वीं में चेतन को 88 प्रतिशत

**तरपोंगी।** ग्राम सगुनी के होनहार छात्र चेतन वर्मा ने पी एम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल कुरा कक्षा 12 वी गणित समूह में 88 प्रतिशत अंक लेकर शाला व गांव का गौरव बढ़ाया है। इस सफलता का श्रेय पिता देवेंद्र वर्मा माता मंजू वर्मा व शिक्षको को दिया है।



---

## हायर सेकंडरी में शिक्षकों की कमी, ग्रामीण सौंपेंगे ज्ञापन

**हिरमी-रावन।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहरा में शिक्षकों की कमी से छात्रों की पढ़ाई पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। विद्यालय में भौतिक, राजनीति विज्ञान, भूगोल, हिंदी और संस्कृत जैसे प्रमुख विषयों के लिए शिक्षकों की अनुपलब्धता से छात्र–छात्राएं चिंतित हैं। इसके अलावा मिडिल स्कूल में भी गणित, हिंदी और सामाजिक विज्ञान जैसे जरूरी विषयों के शिक्षक नहीं हैं।

अभिभावकों और ग्रामवासियों ने इस विषय को लेकर कई बार शिक्षा विभाग का ध्यान आकर्षित कराया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। अभिभावकों का कहना है कि जब तक सभी विषयों के लिए योग्य शिक्षक नियुक्त नहीं किए जाते, तब तक बच्चों का शैक्षणिक विकास संभव नहीं है।विद्यालय प्रबंधन समिति ने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंप जल्द ही शिक्षक की मांग करने की बात कही।



## जिपं सीईओ ने सोखता गड्ढा व वाटर हार्वेस्टिंग संरचना निर्माण की समीक्षा की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल ने बुधवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में ग्राम रोजगार सहायकों की बैठक लेकर मोर गांव मोर पानी महाभियान अंतर्गत सोखता गड्ढा निर्माण एवं वाटर हार्वेस्टिंग संरचना निर्माण की समीक्षा की। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बैठक में महात्मा गांधी नरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के कार्यों की प्रगति के संबंध में समीक्षा करते हुए शासन द्वारा वर्षा जल के हरेक बूंद को सहेजने चलाये जा रहे 'मोर गांव मोर पानी' अभियान की क्रियान्वयन की पंचायतवार समीक्षा कर सभी नलकूपों में सोकपिट निर्माण के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत आवास 2.0 का शत–प्रतिशत सर्वे, आवास प्लस के छूटे हितग्राहियों का पंजीयन एवं आवास की भौतिक प्रगति को बढ़ाने जरुरी निर्देश दिये। उन्होंने प्रगतिरत आवासों को बारिश से पूर्व पूर्ण कराने के लिए तेजी से निर्माण कार्य हितग्राहियों को प्रोत्साहित करने कहा।

## पीएम स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत, छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

पीएम श्री सेजेस अंग्रेजी माध्यम सुहेला ने शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए कक्षा पांचवी एवं आठवीं की केंद्रीकृत बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की है। विद्यालय के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने माता-पिता और शिक्षकों का नाम गौरवान्वित किया।कक्षा पांचवी में काव्या साहू पिता–संदीप साहू और रेशमा सिन्हा पिता–संजय सिन्हा ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। दीपक कुमार वर्मा पिता–सुभाष कुमार वर्मा द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि हर्षा चेलक पिता–देवलाल चेलक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं, कक्षा आठवीं में दीपेश निषाद पिता–अरुण निषाद ने प्रथम स्थान हासिल किया। मयंक जोगी पिता – सत्यनारायण जोगी द्वितीय स्थान पर और पूरब भारद्वाज पिता–मोहन भारद्वाज तृतीय स्थान पर रहे।

विद्यालय के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्राचार्य डीपी कोशले सहित शिक्षकगण – खिलेश वर्मा, राहुल यादव, नविता यदु, अमरुन निशा, श्रुति वर्मा, प्रतीक तिवारी, अर्चना शर्मा, मंजू यादव, साधना साहू, मोहिनी तिवारी, नीरज कश्यप एवं अन्य सभी शिक्षकों ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

---

### लगातार बढ़ रही छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं, हर 5 मिनट में गुजरता है भारी वाहन

# अर्जुनी-भाटापारा मार्ग पर भारी वाहनों का दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

अर्जुनी-खम्हरिया होते हुए भाटापारा मुख्य मार्ग पर इन दिनों भारी वाहनों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है। चार से पांच बड़े सीमेंट संयंत्रों की वजह से ट्रकों और भारी मालवाहक गाड़ियों की आवाजाही दिन–रात बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि हर 5 मिनट में एक भारी वाहन गुजरता है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना भी लगातार बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि भारी वाहनों के चलते यह सड़क काफी हद तक दब गया है और इसकी मरम्मत लंबे समय से नहीं की गई है। सड़क किनारे दब जाने और खराब सतह के चलते दोपहिया वाहनों से सफर करना खतरनाक हो गया है। कई बार सड़क हादसे हो चुके हैं और अब कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है। इस मार्ग से ग्रामीणों को रोजमर्रा के कार्यों के लिए जैसे बैंक पोस्ट ऑफिस पटवारी कार्यालय और तहसील ऑफिस स्कूल जाना पड़ता है, जिसके लिए उन्हें सड़क पार करना पड़ता है। भारी गति से गुजरते ट्रकों के चलते सड़क पार करना एक गंभीर समस्या बन चुकी है और लोगों में भय का माहौल है। ग्राम अर्जुनी के टोनाटार तिगड्डा चौक, बाजार चौक, सरस्वती शिशु मंदिर, क्रॉस लाइन मिरगी तिगड्डा शनि मंदिर चौक में ग्रामीणों ने पुलिस व्यस्था की मांग की है, ताकि भारी वाहनों की गति पर नियंत्रण रखा जा सके और स्थानीय लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

#### प्रमुख चौराह पर हो ट्रैफिक पुलिस



सड़क की तत्काल मरम्मत भारी वाहनों की गति पर नियंत्रण हेतु ट्रैफिक पुलिस की तैनाती तिगड्डा चौक में स्थायी पुलिस व्यवस्था और स्कूल समय में वाहनों की आवाजाही सीमित की जाए। ग्रामीण विजय वर्मा, योगेश साहू, कोमलकांत यादव, रंजीत साहू, रंजीत विश्वकर्मा, गोपेश सेन, रमाकांत वैष्णव, हरीश साहू, अतुल वर्मा, गजाधर वर्मा, संतोष वर्मा, लक्ष्मीनारायण रजक, लोभान साहू, लोभान रजक, फुलसिंग साहू व शिक्षक राकेश वर्मा गोपाल ध्रुव, हुलास वर्मा, संदीप वर्मा ने बताया कि बलौदाबाजार से भाटापारा मार्ग पर भारी वाहनों की लगातार आवाजाही से डर बना रहता है। डर इसलिए भी बना रहता है कि मुख्य मार्ग पर अर्जुनी आसपास का सबसे बड़ा व्यावसायिक व शिक्षण संस्थाओं के लिए महत्वपूर्ण कस्बा है, जिससे चलते आसपास के लोगों का यहां आवाजाही भारी मात्रा में बनी रहती है। गुरुवार और रविवार को तो सड़क पर दोपहिया वाहन के चलने की जगह नहीं होती, उसके बाद भी सीमेंट संयंत्रों के भारी भरकम गाड़ियां बड़े बड़े हाईवा गाड़ी सरपट तेज रफ्तार से दौड़ाया जाता है। जिससे निश्चित तौर पर दुर्घटना की आंशका बनी रहती है।

#### सड़क पर बेरिकेट तक नहीं

वहीं पुलिस प्रशासन और ना ही यातायात पुलिस द्वारा बेरिकेट का प्रबंध किया गया है जो कि सबसे बड़ी चूक को दर्शाता है। टोनाटार निवासी कोमलकांत यादव ने बताया कि टोनाटार मोड़ तिगड्डा चौक पर भी इससे पहले बहुत बड़ी दुर्घटना एक बड़े गड्ढे के कारण घटित हो चुकी है, जिसकी शिकायत भी अखबारों और सोशल मीडिया के माध्यम से अधिकारियों को करायी गई थी, किंतु तब भी विभाग द्वारा इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। स्थानीय युवाओं व दुकान संचालकों की मदद से वैकल्पिक व्यवस्था की गई थी। चौक पर स्थायी पुलिस व्यस्था अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि 24 घंटों सभी गाड़ियां इसी चौक से होकर ही गुजरती है और लोगों की आवाजाही हमेशा बनी रहती है। गांव का यह मुख्य चौक है। ग्रामीणों की मांग है कि प्रशासन शीघ्र ही इस गंभीर समस्या पर ध्यान दें।

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411